एक नजर

मतदाताओं को रैली निकालकर किया जागरूक



महमूदाबाद (सीतापुर)। नगर पंचायत पैंतेपुर में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ईओ ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर भ्रमण करते हुए मतदाताओं को विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत जागरूक किया। विशेष जागरूकता रैली पैंतेपुर स्थित नगर पंचायत कार्यालय से निकाली गई। रैली को ईओ रेणुका यादव ने रवाना किया। रैली कार्यालय से बाजार होते हुए वार्डों में पहुंची। ईओ ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। नए मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने तथा आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 भरा जा सकता है। वहीं, नाम या पते में सुधार, मतदाता पहचान पत्र बदलवाने और दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नित कराने के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। 21 और 22 नवम्बर को मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद के एक मोहल्ले में महिला ने छह माह पूर्व युवक पर घर में घुसकर जबरिया दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी के फरार होने की बात गई है। पुलिस केस दर्जकर मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश कर रही है। पीड़िता के मुताबिक मार्च 2026 को पूर्व परिचित नई बाजार के रहने वाले मनीष गुप्त पुत्र कैलाश गुप्त उस समय उनके घर आए जब उनके माता-पिता काम से बाहर गए थे। युवक ने उसे अकेला पाकर डरा-धमकाकर जबरिया दुष्कर्म किया और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। डर के कारण उसने अबतक किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर जबरिया दुष्कर्म किए जाने का केस दर्जकर मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश की जा रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

32.21 करोड़ से चौड़ा होगा मार्ग

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद से रेउसा जाने वाले मुख्य मार्ग से जुड़े महत्वपूर्ण बाबाकुटी चौराहे से लच्छीपुर होते हुए शहबाजपुर जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने 32 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस मार्ग के करीब तेरह किलोमीटर लंबे हिस्से में निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए 3 करोड़ 22 लाख 11 हजार रुपये की पहली किस्त भी जारी हो चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। सड़क संपर्क को और बेहतर बनाने के साथ सुगम आवागमन के उद्देश्य से हो रहे मार्ग निर्माणों को लेकर सवा 32 करोड़ की लागत से बनने जा रहे बाबाकुटी-शहबाजपुर के बीच सड़क निर्माण से छात्रों, स्थानीय नागरिकों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें पूर्व मंत्री गोप ने की अपील

रामनगर, बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने आगामी चुनाव को लेकर जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने रामनगर निवासी सपा नेता विजय कुमार मौर्य के आवास पर पहुंचकर मौजूद लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने-अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए।आजम खान के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। समाजवादी पार्टी न्याय की इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहेगी। इस मौके पर प्रभात यादव, धीरेंद्र वर्मा, रामगोपाल रावत, गुड्डू हसन सहित कई लोग मौजूद रहे।

पांच लोगों को रौंदा सास-बहू समेत चार घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शुक्रवार शाम करीब चार बजे एक ढाबे के पास तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार समेत पांच लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सड़क पर गिरकर तड़पने लगे।घायलों में बाइक सवार प्रमोद (49) पुत्र गौरीशंकर निवासी ओड़िया, महोली, संतकबीरनगर शामिल हैं। वह अयोध्या की परिक्रमा कर बाइक से लखनऊ लौट रहे थे। वहीं सड़क पार कर रही रामकला (50) पत्नी बजरंगबली निवासी जयचंदपुर, उनकी बहू सबिता (30) पत्नी अंकुर तथा सबिता के दो बच्चे परी (7) और आभाष (8) भी बाइक की चपेट में आकर घायल हो गए।हादसे की सूचना पर उपनिरीक्षक विमलेश द्विवेदी और कांस्टेबल अजय कुमार पुलिस जीप लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों को तत्काल जीप से सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया। इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. रमेश चंद्र ने प्राथमिक उपचार किया। ए तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

विस्फोटक पदार्थ बरामदगी के मामले में अभियुक्त को सात साल की सजा

बाराबंकी। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते चोरी के गिरोह के सदस्य और विस्फोटक पदार्थ बरामदगी के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त सिराज पुत्र इब्राहिम निवासी उत्तर टोला, सूरतगंज को न्यायालय ने सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत सजा दिलाई गई। मामला वर्ष 2016 में थाना रामनगर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 93/2016 से संबंधित है। इसमें धारा 401 आईपीसी और 3/5 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी।

बाराबंकी में कांग्रेस पर बरसे भाजपा नेता पंकज चौधरी



बाराबंकी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कांग्रेस पर लोकतंत्र में भरोसा नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का कभी भी लोकतंत्र में विश्वास नहीं रहा। न कल था, न आज है और न आगे रहेगा। शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर बाराबंकी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा।पंकज चौधरी ने कहा कि कांग्रेस में आज भी पद और कुर्सी का फैसला गांधी परिवार की पसंद से होता है। उन्होंने वर्ष 1946 में कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव का जिक्र करते हुए दावा किया कि उस समय 15 प्रदेश कांग्रेस समितियों में से 12 ने सरदार वल्लभभाई पटेल का समर्थन किया था, जबकि जवाहरलाल नेहरू को किसी प्रदेश कांग्रेस समिति का समर्थन नहीं मिला था। इसके बावजूद पटेल को पीछे हटना पड़ा और नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने।सरदार पटेल ने देशहित में प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया। यदि वह देश के पहले प्रधानमंत्री बने होते तो संभवत: कश्मीर का मुद्दा उसी समय सुलझ गया होता।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों का सम्मान राजनीतिक और जातिगत चश्मे से नहीं किया जाना चाहिए। देश के लिए योगदान देने वाले प्रत्येक महापुरुष को समान सम्मान मिलना चाहिए। सपा को अपने सहयोगी दल कांग्रेस से भी इस ऐतिहासिक प्रसंग पर जवाब मांगना चाहिए।

गांवों में लगने वाली साप्ताहिक बाजारों का किया जा रहा कायाकल्प



सेउता (सीतापुर)। ग्रामीण अंचल के लोगों और छोटे दुकानदारों की सहूलियत के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांवों में लगने वाली साप्ताहिक बाजारों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद सीतापुर की ग्राम पंचायत सेउता में 'मनरेगा हाट बाजार' का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस नए हाट बाजार के शुरू होने से जहां दुकानदारों व ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी, वहीं मुख्य मार्ग और मंदिर के आसपास लगने वाले जाम व अनावश्यक भीड़ से भी निजात मिलने की उम्मीद है। ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि नन्दराम गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत इस हाट बाजार का निर्माण लगभग 39 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। हाट बाजार का कुल क्षेत्रफल 77 मीटर लंबाई और 70 मीटर चौड़ाई में विस्तृत है, जिसे व्यवस्थित ढंग से बाजार संचालित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। नन्दराम गौतम के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान दुकानदारों और खरीदारों की व्यावहारिक दिक्कतों का विशेष ध्यान रखा गया है। धूप, बारिश या किसी भी मौसम में दुकानदारों को सामान लगाने और व्यापार करने में परेशानी न हो, इसके लिए बाजार परिसर में चार टीन शेड के साथ पक्के चबूतरे बनाए गए हैं। टीन शेड के आसपास इंटरलॉकिंग बिछाई गई है। ताकि बारिश या कीचड़ के दौरान ग्राहकों और दुकानदारों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले साप्ताहिक बाजार मंदिर के आसपास और मुख्य मार्ग पर लगती थी। जिससे बाजार के दिनों में राहगीरों को भारी जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता था। अब बाजार के नवनिर्मित मनरेगा हाट में शिफ्ट होने से मुख्य रास्ते पर यातायात सुगम होगा और मंदिर परिसर के आसपास होने वाली अनावश्यक भीड़ पर भी अंकुश लगेगा। ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि नन्दराम गौतम ने क्षेत्र के सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और बेहतर सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपनी दुकानें नए मनरेगा हाट बाजार में ही लगाएं।

आकाश आनंद ने अयोध्या से भरी चुनावी हुंकार



अयोध्या। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अयोध्या में चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पहली बार अयोध्या पहुंचे बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान उन्होंने बीकापुर से पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया।आकाश आनंद के आगमन पर समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अयोध्या से बसपा के संभावित प्रत्याशी सुरेश यादव ने चांदी का मुकुट पहनाकर उनका अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से लेकर जनसभा स्थल तक सुरेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आकाश आनंद ने सुरेश यादव को आशीर्वाद देते हुए मजबूती से चुनाव लड़ने का आह्वान किया।जनसभा में आकाश आनंद ने भाजपा, सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने बीकापुर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधायक स्वयं चिकित्सक हैं, इसके बावजूद क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए लखनऊ जाना पड़ रहा है।

आगामी अभियानों की बनी रूपरेखा

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सीतापुर पर प्रभारी मंत्री मनोज पाण्डेय ने विधानसभा प्रभारियों, जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक की। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी अभियानों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता के साथ आगामी कार्ययोजनाओं को गति देने पर विशेष चर्चा हुई।

उमरा चौराहे पर मवेशियों के झुंड से टकराकर सड़क पर गिरा युवक, हेलमेट ने बचाई जान

निंदूरा, बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर छुट्टा मवेशियों का आतंक राहगीरों की जान पर भारी पड़ रहा है। बुधवार देर रात करीब 11 बजे उमरा चौराहे के पास छुट्टा मवेशियों के झुंड से टकराकर बुलेट सवार युवक घायल हो गया। गनीमत रही कि युवक ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से बचाव हो गया। विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत सराय शाहबाज के नारायणपुर निवासी आदेश यादव पुत्र ओमप्रकाश बुलेट से लखनऊ जा रहे थे। उमरा चौराहे के पास डिवाइडर के कट से अचानक छुट्टा मवेशियों का झुंड सड़क पर आ गया। मवेशियों को बचाने के प्रयास में उनकी बुलेट अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं, जबकि बुलेट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसों के बावजूद नहीं थम रहा खतरा

लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर छुट्टा मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। इससे पहले टिकैतगंज, बसारा और रीवासीवा समेत कई स्थानों पर भी लोग इनकी चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। सड़क पर घूम रहे मवेशी खुद भी वाहनों की टक्कर से घायल होते रहते हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

अभियान के दावों और जमीनी हकीकत में अंतर

छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए जिम्मेदार विभागों और ग्राम पंचायतों की ओर से समय-समय पर अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई कागजों और फोटो तक सीमित रह जाती है। सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी इस व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही है।



इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों में भी कई बार खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अपेक्षित ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का सवाल है कि लगातार हादसों के बावजूद आखिर जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही स्थायी समाधान की पहल होगी? ग्रामीणों ने प्रशासन से लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग सहित प्रमुख संपर्क मार्गों को छुट्टा मवेशियों से मुक्त कराने और उन्हें सुरक्षित गोशालाओं में पहुंचाने की मांग की है, ताकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

पहला सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण



पहला (सीतापुर)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुखरंजन समुद्र ने शुक्रवार दोपहर सीएचसी पहला का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पर्चा काउंटर तथा उपस्थित डाक्टरों तथा उपस्थित रजिस्टर और अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई। वहीं बीएचयू भवन का अभी तक हैंडओवर न होने पर सीएमओ ने कार्यदायी संस्था से वार्ता कर भवन को जल्द हैंडओवर कराने के निर्देश दिये। सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न बरतने, चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

हादसों का सबब बन रहा महोली तिराहा

हरगांव (सीतापुर)। गंज बाजार से महोली तिराहा तक डिवाइडर पर ग्रिल नहीं लगी जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। नगर सीमा में ओवरब्रिज से महोली तिराहा तक डिवाइडर पर ग्रिल लगनी थी, लेकिन संबंधित विभाग ने काफी समय पहले केवल गंज बाजार तक ही ग्रिल लगवाई थी। गंज बाजार से महोली तिराहा तक डिवाइडर पर ग्रिल नहीं लगाई गई। डिवाइडर पर ग्रिल पीडब्ल्यूडी विभाग ने लगवाई है। गंज बाजार के आगे मुख्य चौराहा है इसके बाद महोली तिराहा है।

ग्राम रोजगार सेवकों ने लंबित मांगों को लेकर खोला मोर्चा

पहला (सीतापुर)। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। ग्राम रोजगार संघर्ष मोर्चा, विकासखंड पहला की ओर से खंड विकास अधिकारी को पत्र सौंपकर विशेष रोजगार सृजन सप्ताह के दौरान 21 से 23 नवंबर 2026 तक कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया गया है। संगठन ने मांगों पर जल्द निर्णय नहीं होने की स्थिति में प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

ग्राम रोजगार सेवकों की प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ाकर 24,000 रुपये प्रतिमाह किया जाना। कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, ईपीएफ भुगतान और अन्य विभागीय समस्याओं का समाधान शामिल है।

कोटवा धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



बाराबंकी। सत्यनाम संप्रदाय के आदि प्रवर्तक समर्थ संत साईं जगजीवन दास साहब की तपोभूमि श्री कोटवा धाम एक बार फिर आस्था, समता और भक्ति के रंग में रंग गई। देवोत्थानी एकादशी, 20 नवंबर 2026 को परंपरागत *सत्यनामी पंचकोसी परिक्रमा* का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें *10,000 से अधिक साधु-संतों, महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं* ने भाग लेकर इतिहास रच दिया। यात्रा की अगुवाई साहब कमलेश दास ने परंपरागत की **।समाधि मंदिर से हुआ शुभारंभ**परिक्रमा का शुभारंभ प्रात: 7ः30 बजे %सत्यनाम आश्रम प्रथम पावा कमोली धाम, श्री कोटवा धाम% के तत्वावधान में हुआ। कविवर प्रेमदास (प्रेम) ने समर्थ साईं जगजीवन दास साहिब समाधि मंदिर में दर्शन एवं आरती के साथ यात्रा को रवाना किया।जैसे ही *卐साधो एक ज्योति सब माही卐* का जयघोष गूंजा, पूरा कोटवा धाम भक्ति और उत्साह से भर उठा। हाथों में ध्वजा, मुख पर सतनाम और हृदय में श्रद्धा लिए श्रद्धालु परिक्रमा पथ पर चल पड़े।**इन पड़ावों से होकर गुजरी यात्राश्री कोटवा धाम** – समाधि मंदिर से प्रारंभ,श्री पीतांबर दास कुटी* – दर्शन, साहिब मोती दास समाधि मंदिर, मदारपुर* – पूजन, कटेरा देवी – दर्शन,पावन जन्मभूमि सरदहा धाम – साहिब शोभा दास एवं स्वामी अहलादास दास की समाधि का पूजन-अर्चन,भीती और तपोभूमि साहेब पुरवा* होते हुए पुन: श्री कोटवा धाम समाधि मंदिर पर संपन्न।**350 वर्ष पुराना समतामूलक संदेश आज भी प्रासंगिक**इस अवसर पर सतनाम आश्रम (श्री कोटवा धाम) के बाबा कमलेश दास ने कहा कि लगभग 350 वर्ष पूर्व समर्थ संत जगजीवन दास साहिब ने यह अमर संदेश दिया था –**राम नाम सत्य निराकार है, वही घट-घट में व्याप्त है और वही सतनाम है।**उन्होंने जाति, धर्म, ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सभी वर्गों को दीक्षित किया तथा 4 पावा, 14 गद्दी, 36 महंत और 33 भजनानंदियों की परंपरा स्थापित कर समाज को संगठित किया।बाबा कमलेश दास ने कहा कि आज समाज में बढ़ते जातिवाद, पाखंडवाद और वैमनस्य का समाधान केवल समर्थ संत के समतामूलक सिद्धांत *卐साधो एक ज्योति सब माही卐* में ही है। सर्वधर्म समभाव और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का यही संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह यात्रा आयोजित की जाती है।

महंत बी.पी. दास ने बताया – सरयू तट से जुड़ा है जन्ममहंत बी.पी. दास ने बताया कि समर्थ जगजीवन साहेब का अवतार प्रभु राम की भांति सरयू के किनारे सरदहा गांव में हुआ। जगजीवन साहब भगवान जगन्नाथ स्वामी के अवतार हैं, इस धारणा को यहां के मंदिर की व्यवस्थाएं एवं भौगोलिक स्थितियां भी पुष्ट करती हैं।उन्होंने कहा कि एकादशी पर अयोध्या में भी परिक्रमा की परंपरा अब पूरे उफान पर है। सीमावर्ती जनपदों से आकर जनसमूह इस परिक्रमा में सम्मिलित हो रहा और जनसमूह साहब कमलेश दास के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

ये संत-महंत रहे उपस्थित इस अवसर पर मुख्य रूप से कविवर प्रेमदास, सत्यनाम दास, सतगुरु दास (प्रथम पावा कमोली धाम), डॉ. विनय दास, रमेश दास (कमोली धाम), महंत शेषनारायण तिवारी, महंत अखिलेश दास (मधनापुर धाम), श्री कर्मेंद्र दास (सरदहा धाम) सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, महंत और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एक नजर

एकादशी परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलाहार का प्रबंध, महंत विजय दास महाराज ने जताया आभार

अयोध्या धाम। पवित्र कार्तिक मास में आयोजित पंचकोशी परिक्रमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कंचन भवन के महंत विजय दास महाराज की ओर से विशेष फलाहार शिविर का आयोजन किया गया। परिक्रमा में उमड़ी भारी भीड़ और आध्यात्मिक माहौल के बीच महंत विजय दास महाराज ने इसमें सम्मिलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के व्यवस्थापक रवि प्रताप राय ने मीडिया से बातचीत में महंत विजय दास महाराज की इस पहल और दूरगामी सोच की सराहना की। उन्होंने बताया कि एकादशी के पावन पर्व पर परिक्रमा करने वाले लगभग 70 प्रतिशत श्रद्धालु उपवास रखते हैं। अक्सर परिक्रमा मार्ग पर सामान्य नाश्ते के रूप में साधारण हलवा वितरित किया जाता हैए जिसे व्रत रखने वाले भक्त ग्रहण नहीं कर पाते और उन्हें असुविधा होती है। श्रद्धालुओं की इसी समस्या को समझते हुए महंत विजय दास महाराज के मार्गदर्शन में विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई। शिविर में उपवासी भक्तों के लिए कुट्टू के आटे का हलवाए खिचड़ी पकौड़ी और चाय का उत्तम प्रबंध किया गया ताकि परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुरूप सहजता से प्रसाद ग्रहण कर सकें। अंत में व्यवस्थापक रवि प्रताप राय ने समस्त श्रद्धालुओं व आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित कामना की कि प्रभु श्रीराम की कृपा से महंत विजय दास महाराज की सेवा और समर्पण की यह सोच निरंतर आगे बढ़ती रहे।

खाटू श्याम बाबा के पावन जन्मोत्सव पर रामघाट में भव्य भंडारे का आयोजन. उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



अयोध्या धाम। श्री खाटू श्याम बाबा के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शुक्रवारए 20 नवम्बर 2026 को रामघाट स्थित लवकुश नगर में एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य आयोजक सुरेन्द्र मौर्य की देखरेख में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद आलोक सिंह ने शिरकत की। उन्होंने बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा.अर्चना कर क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना की और आयोजकों के इस पुनीत कार्य की सराहना की। सुबह से शुरू हुए भंडारे में देर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। पूरे परिसर में श्हारे के सहारे की जयश् और बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहेए जिनमें चंद्र दूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर के महंत आचार्य रविंद्र कुमार दासकल्लू बाबाए आनंद शास्त्रीए ध्रुव चंद मौर्यए मंगल यादवए हनुमान मौर्यए आरण्केण् मौर्यए आरण्जेण् मौर्यए विशाल मौर्यए अजय मौर्यए अमित कसौंधनए आयुषए सोनू पाठक ;प्रधानद्धए रामसुख यादवए डॉण् कृष्ण सिंहए रवि साहनीए सत्यम मौर्यए सावन मौर्यए आलोक यादवए विकाश सिंहए गुड्डू यादवए विजय यादवए सत्यमए सूरज यादवए मोहनए राजेश और हरिओम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल रहे।

पंचकोसी परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा

अयोध्या। देवउठनी एकादशी पर शुक्रवार को रामनगरी में पंचकोसी परिक्रमा के दौरान आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से शुरू हुई परिक्रमा में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जताया। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ करीब 15 किलोमीटर की परिक्रमा की। बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी इसमें हिस्सा लिया। स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगाए गए। श्रद्धालुओं को जलपानए प्रसादए भोजन और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रशासन की ओर से पेयजलए शौचालय एंबुलेंस और यातायात व्यवस्था के इंतजाम किए गए। पंचकोसी परिक्रमा के साथ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही।सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए लखनऊ जोन के एडीजी प्रवीण कुमार ने रातभर परिक्रमा मार्ग का भ्रमण किया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉण् गौरव ग्रोवर भी अधिकारियों के साथ लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

एस.सी.जे पार्ट 7-2 पेशी- 14-12-26

समन वास्ते करार वाद वमूर तनकीह तलब आडर 5 कायदा 1 व 5 नम्बर मुकदमा सं0 689/25व अदालत सिविल जज जू.डि. जिला- सीतापुर जुनेद अहमद आदि साकिन रवीन्द्र मोहन निवासी श्याम बिहारी कालोनी महर्षिनगर निकट राधा कृष्ण मन्दिर लखनऊ साकिन मुद्दा अलेह ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बातारीख 14 माह 12 सन् 2026 ई0 बवक्त बजे दिन के असलन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूराय अहस मुताबिक मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही दावा को करे पर आप बताइद अपनी जवाब के इस्तकबाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी फैसला होगा। **बदस्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 20-11-2026 माह सन् 200 ई0 को जारी किया गया। इत्तिला** 1- अगर आपको यह अन्देशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजा सम्मन बई मुराद जारी करा सकते हैं जो गवाह हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराया जाये और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश करने का आप इस्तेहक रखते हैं और वह उससे शर्तें कराई जायें बशर्ते कि आप खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल करके इस उम्र की दरख्वास्त गुजारने। 2- अगर आप मुतालका मुद्दई को तकसीम करते हैं तो आपको लाजिम है कि रूपया खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्रह को जो आपको जान या माल या दोनों पर करना पड़े। **आज्ञा से न्यायालय मोहर अदालत**

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर

पत्रांक : 358 ना0पा0परि0, मि0नैमि0/2026-27 दिनांक : 02-11-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि शासन के पत्र सं0-I/1439971/2026/E-2026326 नगर विकास अनुभाग-1 दिनांक 21 अगस्त 2026 द्वारा नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर को वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाली प्रान्तीयकृत मेला मां ललिता देवी शक्ति पीठ अमावस्या मेला, नैमिषारण्य के आयोजन हेतु रू0 50:00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत/प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद, मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर निम्न निर्माण/विकास कार्य कराना चाहती है। ई-निविदाओं से सम्बन्धित समस्त जानकारी http//etender.up.nic.in की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

01	वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	23-11-2026 (10:00 AM)
02	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	23-11-2026 (10:00 AM)
03	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	23-11-2026 (10:00 AM)
04	ई-निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि/समय	02-12-2026 (11:00 AM)
05	ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	02-12-2026 (12:00 AM)

निविदाओं से सम्बन्धित नियम व शर्तें तथा कार्य का विवरण http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मिश्रिख-नैमिषारण्य, सीतापुर

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मिश्रिख-नैमिषारण्य, सीतापुर